कोई शिरडी वाले का दीवाना बन के देख ले

कोई शिरडी वाले का दीवाना बन के देख ले,
कोई मेरे साई का दीवाना बन के देख ले,
दीवाना बन के देख ले मस्ताना बन के देख ले,
कोई शिरडी वाले का दीवाना बन के देख ले,

नीम तले बैठे थे बाबा आसान आन लगाया,
धन्य हो गई द्वारका माई जब से बाबा आया,
उस नीम के तले बाबा का आसान देख ले,
कोई शिरडी वाले का दीवाना बन के देख ले,

सतगुरु साई नाथ मेरा ये शिरडी में तू आजा,
साई की शिरडी में आके जीवन सफल बना जा,
शिरडी में भक्तो का तू आना जाना देख ले,
कोई शिरडी वाले का दीवाना बन के देख ले,

ऊंची नीच का भेद न जाना सब को समजाया,
सब का मालिक इक है बाबा ने सब को बतलाया,
बाबा ने समझाया तू भी आके सीख ले,
कोई शिरडी वाले का दीवाना बन के देख ले,

रोग नहीं कोई रहता उसको जो शिरडी में आता,
ईशा पूरी करदे साई जन्म सफल हो जाता,
चंद्र रवि के संग तू शिरडी के जाके देख ले,
कोई शिरडी वाले का दीवाना बन के देख ले,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9374/title/koi-shirdi-vale-ka-diwaana-bn-ke-dekh-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |